VPSEC/R/P/23/00077

अवर सचिव
UNDER SECRETARY

सत्यमेव जयते

उपराष्ट्रपति सचिवालय
VICE-PRESIDENT SECRETARIAT
नई दिल्ली / NEW DELHI-110011
TEL.: 23016344/23016422 FAX : 23018124

**फाइल संख्या वीपीएस-55/1-आरटीआई/45/2023-2024** **23 अक्टूबर, 2023**

सेवा में,

श्री कृष्ण किशोर
वीपीओ चंपी, पीएस- पेटरवार
जिला-बोकारो, झारखंड-829123

**विषय:- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अपील की सूचना हेतु।**

महोदय,

कृपया उक्त विषय में आपका दिनांक 22.09.2023 का पत्र इस सचिवालय में दिनांक 26.09.2023 को प्राप्त हुआ है, जिसके साथ पाँच-पाँच रूपये के दो पो॰आ॰सं॰ 74सी 862837 एवं 74सी 862838 संलग्न कर अपने सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत बिन्दुवार सूचना उपलब्ध करने हेतु निवेदन किया है।

इस विषय में आपको अवगत करना है कि आपके द्वारा मांगी गई सूचना बिन्दु 1 से 5 तक का विषय इस सचिवालय से संबन्धित नहीं है। इस कारण यह सचिवालय आपको किसी भी प्रकार कि जानकारी/सूचना दे पाने में असमर्थ है, तथा बिन्दु संख्या 6 के लिए आप को अवगत करना है कि उप-राष्ट्रपति सचिवालय भारत के उप राष्ट्रपति परिसर में स्थित है। जिसमें बिना किसी पूर्व अनुमति के आधिकारिक पूर्वावलोकन के लिए आगन्तुकों का आना वर्जित है।

अतः आपको परामर्श है कि आप इस विषय में सीधे संबन्धित राज्य/मंत्रालय/विभाग से संपर्क करें।

राजेश

**(राजेश कुमार शर्मा)**
rticell-vps@nic.in

SPEED POST
23/10/23

Date 22/09/23 RTI-45

सेवा में

श्रीमान केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी महोदय

उपराष्ट्रपति कार्यालय, भारत

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन

महाशय,

निम्नलिखित सूचना दी जाए।

(1) भारत मे कुल कितने सरकारी आवास एवं कार्यालय तथा बिल्डिंग है उसका नाम, पता कार्यरत कर्मी एवं होने वाले खर्च के बारे मे बताए।

(2) भारत मे सरकारी अधिकारियों/कर्मियो एवं मंत्रियो के ऊपर वर्ष 2020 से वर्ष 2023 तक शिक्षा, प्रशिक्षण एवं यात्रा तथा स्वास्थ्य मे कितनी राशि खर्च की गई।

(3) अनावश्यक खर्च, झूठा खर्च को रोकने के लिए भारत सरकार क्या-क्या कार्य करती है अभी तक प्राप्त उपलब्धि के बारे मे बताए।

(4) भारत के केन्द्रीय मंत्रालयों को चलाने मे प्रत्येक साल कितना खर्च करना पड़ता है केन्द्रीय मंत्रालयों के कुल कितने भवन है उसका नाम/पता एवं कार्यरत कर्मियो अधिकारियों की संख्या बताए।

(5) भारत मे सभी मंत्रालयो के अधीन कुल कितने प्रकार के समिति/कमेटी कार्यरत है उसका नाम एवं उसपर होने वाले खर्च के बारे मे बताए।

(6) मै उपराष्ट्रपति सचिवालय का निरीक्षण करना चाहता हूँ कृपया समय एवं तिथि बताए।

10/- रुपये का I.P.O संलग्न 74C 862837 एवं 7C 862838 है।

[signature] 26/09/2023

SP

आपका विश्वासी

[signature]

22/09/23

कृष्ण किशोर

पता:- VPO-Champi, PS-Petarwar, Dist-Bokaro, Jharkhand 829123